हरिभूमि
# कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री




4 तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, राष्ट्रभक्ति एकता और संगठन की प्रतीक हैः रामकिसुन



## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत गढ़वार में जागरूकता कार्यक्रम




**मनेन्द्रगढ़।** जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़वार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने ग्रामीणों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। टीम द्वारा डायरिया से बचाव के उपाय, सही ढंग से हाथ धोने की विधि और दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जलजनित रोगों से बचाना और स्वच्छ जल व स्वच्छता के प्रति सतत प्रेरित करना रहा।

### समर्था सेवा समिति ने मनाया सावन उत्सव



**कोरिया कॉलरी।** चिरमिरी क्षेत्र के गोदरीपारा में समर्था सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में क्षेत्र की 50 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सावन के उल्लास को गीत, नृत्य और पारंपरिक खेलों के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति की अध्यक्ष रीता आईच ने किया। उन्होंने बताया कि सावन महिलाओं के लिए सौंदर्य, सामंजस्य और संस्कृति का पर्व है, जिसे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रतिभागियों ने हाथों में मेहंदी रचाई, पारंपरिक सावन गीत गाए और समूह में नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर विभिन्न खेल स्पर्धाएं भी आयोजित की गईं। इनमें कुर्सी दौड़ में मीना कौर, गुब्बारा फोड़ में उर्मिला, सावन सुंदरी प्रतियोगिता में रीनू कौर ने जीत दर्ज की।

### तीन दोस्तों ने नाबालिग से दो वर्षों तक किया दुष्कर्म

**बिहारपुर।** बिहारपुर थाना क्षेत्र में 8वीं की छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। नाबालिग से उसके दोस्तों ने ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। अपचारी बालक पिछले दो साल नाबालिग से दुष्कर्म कर रहे थे लेकिन अब इस मामले का खुलासा हुआ है। इस मामले को लेकर अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा गुड टच बैड टच को लेकर जागरूकता शिविर लगाया गया था। इस शिविर के दौरान दी गई जानकारियों के बाद छात्रा ने स्कूल प्रबंधन को स्वयं से आगे आकर मामले की जानकारी दी। बच्ची की शिकायत के बाद प्रबंधन ने सूरजपुर बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को मामले से अवगत कराया। सूचना के बाद 31 जुलाई को सीडब्ल्यूसी द्वारा बच्ची की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान उसने बताया कि 2 साल पहले वह कक्षा 6वीं में थी और अपने नानी के घर में थी। इस दौरान उसकी पहचान कुछ युवकों से हुई थी और उनके बीच बातचीत होने लगी। बाद में युवक उसके गांव पहुंच गए और गांव की एक शादी शुदा महिला सिमरन से संपर्क कर छात्रा को बुलाया इसके बाद एक युवक ने नाबालिग छात्रा को जंगल में लेजाकर दुष्कर्म किया। जब छात्रा रोने लगी तो उसे समझा बुझाकर सिमरन के पास छोड़ दिया गया। पहले युवक ने सालभर अलग अलग जगहों पर बच्ची से दुष्कर्म किया और बाद में युवक के दूसरे दोस्त ने भी सिमरन से संपर्क किया और छात्रा को बुलाकर उसने भी कई बार रेप किया। वहीं कुछ दिनों पहले तीसरे दोस्त ने भी महिला के माध्यम से छात्रा को बुलाकर रेप किया। इस दौरान उसने जबरजस्ती करते हुए कपड़े फाड़ दिए। इस घटना के बाद छात्रा गुमसुम रहने लगी थी। बड़ी बात यह है कि इस मामले की शिकायत सीडब्ल्यूसी के माध्यम से थाने में की गई लेकिन पुलिस ने दो दिनों बाद अपराध दर्ज किया। इस दौरान पुलिस छात्रा को घुमाती रही। मामले की शिकायत एसएसपी से होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (2), 64 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## कोरिया कॉलरी में पेड़ की छंटाई के दौरान हादसा

# ठेका कर्मचारी की मौत, मुआवजे को लेकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर/कोरिया कॉलरी

नगर पालिक निगम चिरमिरी के ठेका कर्मचारी बाबूलाल उम्र 58 वर्ष पेड़ की छंटाई के दौरान गिरने से मौत हो गई। यह हादसा वार्ड क्रमांक 08 निवासी बाला रेड्डी के घर के पास खड़े सूखे पेड़ की छंटाई के दौरान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बाला रेड्डी ने अपने आंगन में लगे सूखे पेड़ की छंटाई के लिए पार्षद से निवेदन किया था।

6 अगस्त को नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और 500 रूपए की रसीद काटकर काम शुरू किया। पेड़ की डाली को रस्सी से खींचते समय असंतुलन हो गया और बाबूलाल नीचे गिर गया। उसके सिर और कमर में गंभीर चोट आई। उसे तुरंत बड़ा बाजार अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में बैकुंठपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान बाबूलाल ने दम तोड़ दिया। मामले की शिकायत सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में दर्ज करा दी गई है। इस दौरान भाजपा उपध्यक्ष शैलेश शिवहरे, गौसेवक अनुराग दुबे सहित निगम चिरमिरी के पार्षद सन्नी चौहथा, मो. शाहबुद्दीन, राहुल पटेल, मो. इकराम एवं पूर्व पार्षद प्रताप चौहान मौजूद रहे।

नगर पालिक निगम के महापौर रामनरेश राय और निगम आयुक्त लगातार मामले को सुलझाने का प्रयास करते रहे। लगभग तीन घंटे बाद महापौर ने स्थानीय मंत्री श्याम बिहारी से चर्चा कर परिजन को आश्वस्त किया कि तुरंत 1 लाख रूपए की सहायता दी जाएगी और उनके आगमन पर 1 लाख और साथ ही नियमानुसार नौकरी व पेंशन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

घटनास्थल





### सुरक्षा उपकरण नदारद, निगम की लापरवाही उजागर

प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों के अनुसार, बाबूलाल को पेड़ पर चढ़ने के दौरान किसी भी प्रकार का सुरक्षा बेल्ट, हेलमेट, या सेफ्टी जूते मुहैया नहीं कराए गए थे। यह निगम और संबंधित ठेकेदार की घोर लापरवाही को दर्शाता है।

### मुआवजे को लेकर बवाल, सत्ता और विपक्ष आमने-सामने

पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन को सौंपा गया। इसके बाद मुआवजे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। विपक्ष की ओर से कांग्रेस पार्षद शहाबुद्दीन ने मृतक के परिवार को 20 लाख रूपए मुआवजा, सरकारी नौकरी और पेंशन की मांग की। वहीं निगम की ओर से तत्काल 20 हजार रूपए और बाद में 2 लाख रूपए मुआवजे की बात कही गई, जिसे परिजन ने नकार दिया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई। विपक्ष शव को निगम कार्यालय ले जाकर प्रदर्शन करने की तैयारी में था, वहीं मृतक के परिजन भी उनके साथ सहमत नजर आए।

### दोषी पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

दुख की इस घड़ी में मैं और पूरा निगम परिवार संवेदना व्यक्त करता है, जो भी अधिकारी दोषी होंगे, जांच उपरांत उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-राम नरेश राय**, महापौर नगरपालिक निगम चिरमिरी

### कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए

हम ठेकेदार और निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई चाहते हैं। साथ ही मृतक के परिजन को उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

**-शहाबुद्दीन**, कांग्रेस पार्षद



## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 19 खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले की टीम ने अंबिकापुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में गतका और योगा खेलों में जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया।

गतका खेल में कुल 9 प्रतिभागियों में से 7 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर जिले को गौरवान्वित किया। वहीं योगा स्पर्धा में 19 प्रतिभागियों में से 12 खिलाड़ियों ने चयन हासिल कर यह साबित किया कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अब ये खिलाड़ी आगामी 10 सितंबर से राजनांदगांव में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर जिले के समस्त खेल अधिकारी-कर्मचारी, कोच, प्रबंधक तथा प्रतियोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को तैयार करने तथा मार्गदर्शन प्रदान करने में रणधीर ठाकुर, पूरन कश्यप, श्रीमती सुनीता मिश्रा, कर्मेन्द्र साहू, महेश साहू, नीरज ठाकुर, श्रीमती सुनीता यादव, अनीता तिर्की, विवेक तिवारी एवं विजय मार्को का विशेष योगदान रहा।

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रारंभ

बलरामपुर। डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण (संस्था स्तर) की ऑनलाइन काउंसलिंग 6 अगस्त से प्रारंभ हो गई है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज में संचालित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) प्रवेश हेतु सीजी-पीपीटी 2025 की परीक्षा एवं 10वीं के प्राप्तांक अंक मेरिट लिस्ट का आधार बनाया गया है तथा द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 12वीं परीक्षा माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड-विश्वविद्यालय से अनिवार्य 3 विषयों के साथ उत्तीर्ण एवं 2 वर्षीय आईटीआई परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## जनपद अध्यक्ष और भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा



**सोनहत।** जनपद पंचायत की अध्यक्ष आशा सोनपाकर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े ने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात किया।

केन्द्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में ग्रामीणों से भेंट कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जानकारी ली। इस बीच लोगों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा सोनपाकर लंबे समय से महिला जागृति एवं सामाजिक विकास पर सोनहत क्षेत्र में कार्य करते हुए क्षेत्र का नेतृत्व प्राप्त की है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी आप सभी से रू-ब-रू होकर समस्याओं के समाधान का है। भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छग के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा के लिए आवेदन 27 तक

**अम्बिकापुर।** नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत लिखित परीक्षा हेतु योग्य अभ्यर्थियों को छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने सम्बन्धी निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लिखित परीक्षा हेतु जिले के पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापमं) की वेबसाईट में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने हेतु पात्र नहीं होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 से 27 अगस्त को शाम 5 बजे तक की जाएगी। आरक्षक संवर्ग की परीक्षा 14 सितम्बर को होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 8 सितम्बर को जारी किए जाएंगे।

## ऑटो संघ ने अपने पैसे से भरा अंडरब्रिज का गड्ढा

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका और एसईसीएल की लापरवाही से परेशान होकर चरचा कॉलरी के ऑटो संघ के सदस्यों ने मिसाल कायम करते हुए रेलवे अंडरब्रिज के नीचे बने खतरनाक गड्ढे को अपने खर्चे पर भर दिया।

- नगर पालिका और एसईसीएल पर उठे सवाल

मुख्य मार्ग पर स्थित इस अंडरब्रिज के नीचे भारी वाहनों की आवाजाही और जलभराव के चलते एक बड़ा गड्ढा बन गया था, जिससे रोजाना आने-जाने वाले वाहनों को भारी दिक्कतों और दुर्घटना के खतरे का सामना करना पड़ता था। कई बार शिकायत के बाद भी नगर पालिका और एसईसीएल ने कोई ध्यान नहीं दिया। चरचा के ऑटो संघ के सदस्यों ने मिलकर अपने रूपए से सीमेंट और गिट्टी की व्यवस्था की और बुधवार शाम 7 बजे के बाद खुद ही गड्ढे को भरने का काम शुरू कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की खुलकर सराहना की और कहा कि जो काम नगर पालिका को करना चाहिए था, वह जिम्मेदारी अब जनता को उठानी पड़ रही है। सूत्रों के अनुसार जब नगर पालिका अध्यक्ष को यह जानकारी मिली तो उन्होंने ऑटो संघ के सदस्यों को फोन कर समझाने की कोशिश की कि वे कार्य बंद कर दें और जो रूपए लगा है, वह निगम या उनसे ले लें। इस पर ऑटो संघ के सदस्यों ने साफ जवाब दिया कि जब जिम्मेदार विभागों ने समय रहते कुछ नहीं किया, तब हमने खुद पहल की है। यदि भविष्य में भी ऐसे हालात बने तो हम फिर से कार्य करेंगे।



### जनता में बढ़ रही नाराजगी, नपा की भूमिका पर सवाल

नगरपालिका की निष्क्रियता को लेकर जनता में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका सिर्फ मूकदर्शक बनी बैठी है और अपनी जिम्मेदारियों को नहीं निभा रही। सड़क की दुर्दशा के लिए एसईसीएल की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। भारी वाहनों के अत्यधिक आवागमन से सड़कें टूट रही हैं और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। छठ घाट, रेलवे जमीन और मुक्तिधाम मार्ग जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भी कोयला लोडेड ट्रकों की मनमानी पार्किंग से 24 घंटे रास्ते जाम रहने की स्थिति बन गई है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गड्ढो और जर्जर सड़कों की वजह से लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ऐसा कहना है चरचा के निवासियों का। ऑटो संघ की यह पहल केवल एक गड्ढो भरने की नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और जिम्मेदार नागरिकता की मिसाल है। अब देखना यह है कि क्या नगर पालिका और एसईसीएल जागते हैं या जनता को आगे भी अपने स्तर पर ही समस्याओं का समाधान करना पड़ेगा।

## शासकीय हाईस्कूल में हर घर तिरंगा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है। इस 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक किया जाना है, जो हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित होगा।

इसी तारतम्य में छग शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में तिरंगा यात्रा निकाला गया। प्राचार्य डॉ. विनोद पांडेय ने बताया कि छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामवासियों को इस यात्रा का उद्देश्य विस्तार से बताया गया। यह हमारे देश की शान व हमारे स्वतंत्रता का परिचायक है। यह हमारे मजबूत लोकतंत्र को बताता है कि हम सभी भारत के लोग एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विश्वास और धर्म की स्वतंत्रता और अवसर की समानता प्राप्त करने के लिए है, जिससे छात्र-छात्राओं के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित हो। भारत सरकार द्वारा चरणबद्ध दिए गए गतिविधियों जैसे समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों आवासीय भवनों में तिरंगा लाईटिंग, रंगोली, सेल्फी जोन एवं तिरंगा फहराना एवं पंपलेट, बैनर, स्टैण्डज आदि के माध्यम से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग कार्यक्रम को सफल बनाने स्थानीय भाषाओं में प्रमुखता से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रैली कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के नारे लगाते हुए ग्राम के प्रमुख चौराहे पर एकत्रित हुए।

रैली में प्रमुख रूप से उषा किरण सिंह, जरीना परवीन, अबुल कमर, शर्मिष्ठा दत्ता, कदम कुंवर प्रधान पाठक, संगीता तिवारी, गौरी शंकर सिंह सहित काफी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## बिजली बिल हाफ योजना बंद करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना की 400 यूनिट तक की सीमा को समाप्त कर केवल 100 यूनिट तक सीमित किए जाने के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में आज बिजली कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की और बिजली विभाग के समक्ष पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया।

यह प्रदर्शन आम जनता पर बढ़ते बिजली बिल के आर्थिक बोझ और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई गई। कांग्रेस का कहना था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना से प्रदेश के 44 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को राहत मिली थी, लेकिन साय सरकार ने इस योजना को खत्म कर आम जनता के साथ धोखा किया है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण बिजली दरों में लगातार वृद्धि हो रही है, बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। अंत में कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना को बहाल नहीं किया, तो कांग्रेस सड़क से विधानसभा तक आंदोलन करेगी।



पुतला जलाकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### सायबर ठगी का बड़ा खुलासा : सायबर सेल की सूचना के आधार पर की गई जांच

# करोड़ों की ठगी में 15 म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल, 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

थाना बैकुंठपुर क्षेत्र में सायबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है। सायबर सेल बैकुंठपुर की सूचना के आधार पर की गई जांच में 15 म्यूल अकाउंट के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों से करोड़ों रूपए की ठगी की रकम प्राप्त की गई थी। मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है, वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

24 जून 2025 को साइबर सेल बैकुंठपुर को जानकारी मिली कि ठगी में प्रयुक्त 15 बैंक खाते बैकुंठपुर क्षेत्र के विभिन्न बैंकों में संचालित हैं। जांच में पता चला कि इन खातों में अलग-अलग राज्यों से ठगी की रकम जमा की जा रही थी। यह रकम जानबूझकर धोखाधड़ी से प्राप्त की गई थी, जिसे आरोपी अपने खातों में ट्रांसफर कर छिपा रहे थे या खर्च कर रहे थे।

**गिरफ्तार आरोपीः** अनुराग शर्मा पिता अरूण कुमार शर्मा निवासी मस्जिद लाइन थाना चरचा, शिवलाल पिता स्व. लक्ष्मण निवासी उरूमदुगा थाना पटना, सूरज कुमार कुर्रे पिता मनमोहन कुर्रे निवासी कोटकताल थाना पटना, दिनेश कुमार पण्डो पिता स्व. रामलाल पण्डो निवासी जामपानी थाना बैकुंठपुर , रविशंकर पिता प्रभुराम निवासी तेलईमुड़ा थाना ▶▶ शेष पेज 4 पर



### जांच में इन अधिकारियों की भूमिका रही सराहनीय

थाना प्रभारी बिपिन कुमार लकड़ा, उप निरीक्षक अलंगो दास, आरक्षक दिनेश कुमार उईके, राजेश रागड़ा, अनिल खाखा, जगनारायण राजवाड़े, गुलाल राजवाडे, सुभाष मरकाम, महेन्द्र पुरी, अर्जुन पुलस्त व हरबंश पासवान ने इस प्रकरण की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल अन्य म्यूल अकाउंट धारकों की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## नागपुर चिरमिरी नई ब्रॉड गेज रेल लाइन लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

नागपुर- चिरमिरी नई ब्रॉड गेज विशेष रेल लाइन भू-अधिग्रहण के कारण लंबिम मनेन्द्रगढ़, लंबे समय से मनेन्द्रगढ़ एवं चिरमिरी निवासियों की विकास रेखा नागपुर-चिरमिरी ब्रॉड गेज नई रेल लाइन का कार्य भू-अधिग्रहण की सुस्ती के कारण लंबित है। संबोधन संस्था के सदस्य भानु प्रकाश सिंह द्वारा रेल विभाग से मांगी गई जानकारी के अनुसार रेल निर्माण कार्य प्रारंभ होने में अभी समय लगेगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 मई को प्रकाशित राजपत्र अधिसूचना में आई 32 आपत्तियों का निराकरण जिला प्रशासन के पास लंबित है। जिला प्रशासन द्वारा आपत्तियों के निराकरण होने एवं संबंधित भूमि का मुआवजा तय होने के बाद रेलवे द्वारा भुगतान किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद ही इस नए रेल लाइन का कार्य प्रारंभ हो सकेगा। संबोधन विचार मंच के विभागाध्यक्ष बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था वर्ष 2010 से इस नई रेल लाइन के लिए प्रयासरत है। 2018 में विशेष रेल लाइन का दर्जा प्राप्त होने के बावजूद भूमि अधिग्रहण के कार्य नहीं हो पाने के कारण इसकी समय-सीमा बढ़ती जा रही है, जो स्थानीय नागरिकों की चिंता का ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### प्रोत्साहन कप फुटबाल प्रतियोगिता में लटोरी ने जीता प्रथम मैच, दूसरा मैच बराबरी पर

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में चल रही प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी ने पहला मैच जीत लिया है जबकि दूसरा मैच बराबरी पर समाप्त हुआ,उक्त फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन बुधवार को प्रथम मैच शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी व गुरुकुल स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया,जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी की टीम 5-1 गोल के अंतर से मैच जीत लिया है, जबकि दूसरा मैच डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर व राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया,जिसमें दोनों ही टीम अंतिम समय तक बराबरी पर रही,आज बुधवार को बतौर अतिथि नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 12 के पार्षद संजीत यादव मौजूद रहे, जिनके द्वारा मैन ऑफ द मैच का खिताब शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी के अन्नू कुमार एवं दूसरे मैच के खिलाड़ी राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के प्रियांशु को देकर प्रोत्साहित किया गया।

### शासकीय उमावि परसा में किया गया पालक-शिक्षक सम्मेलन




**अंबिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा में बुधवार को पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मंजू कुजूर द्वारा आयोजित शिक्षक पालक सम्मेलन में पालको को उनके बच्चों की अच्छाई बुराई पढ़ाई के बारे मे बताया गया। साथ ही विद्यालय मे एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। गांव के सरपंच, बीडीसी एसएमडीसी के सदस्य व अभिभावक शामिल हुए। एनएसएस, स्काउट गाइड, इको कल्ब के छात्रों द्वारा एक पेड़ मां के नाम की रंगोली बनाई गई। छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया।

### पंडो परिवार को जमीन वापस दिलाने की मांग जपं सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मदनपुर।** पण्डो जनजाति की जमीन पर कब्जे तथा अवैध रूप से नामांतरण कराने को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने कलेक्टर को ज्ञापन



सौंपा। साथ ही पंडो जनजाति को जमीन वापस दिलाए जाने की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कलेक्टर जनदर्शन में सौंपे ज्ञापन में बताया है कि लटोरी तहसील अंतर्गत भगवानपुर कला के खसरा क्रमांक 43, रकबा 1.71 हेक्टेयर की जमीन का जो सेटलमेंट रिकॉर्ड में पण्डो जनजाति के झुरई पण्डो के नाम पर दर्ज थी। आरोप है कि इस जमीन को गैर-आदिवासी बंगाली परिवार के नाम पर चौहद्दी बनाकर हल्का पटवारी द्वारा अवैध रूप से नामांतरण कर दिया गया। यह कार्य छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 170 (ख) का स्पष्ट उल्लंघन है। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने मांग की है कि उक्त जमीन को तत्काल पण्डो परिवार को वापस दिलाया जाए और दोषी पटवारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो पंडो समुदाय के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

### मजदूरी करने बिश्रामपुर जा रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** रामनगर से मजदूरी करने आए ग्रामीण को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें ग्रामीण को चोटें आई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम रामनगर धवरापारा निवासी 45 वर्षीय लल्लू राम प्रजापति बुधवार को साईकल से मजदूरी करने बिश्रामपुर आ रहा था,इस दौरान सुबह करीब साढ़े नौ बजे बाइक क्रमांक सीजी 29 एजी 7780 का चालक ग्राम कल्याणपुर निवासी जीवन राजवाड़े शराब के नशे में तेज व लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए साईकल सवार ग्रामीण लल्लू राम को जोरदार टक्कर मार दी।उक्त दुर्घटना में मजदूर लल्लू राम प्रजापति के बाएं हाथ,पैर व सिर में चोटें आई हैं।पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### फार्म हाउस से चोरों ने पार किया सबमर्सिबल पंप

**अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा निवासी विष्णु कुमार गुप्ता आ. रघुनंदन गुप्ता (55 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम दनौली खुर्द के अखिलेश प्रताप सिंह के फार्म हाउस में काम करता है। सिंचाई के लिए कुंआ में लगाए गए सबमर्सिबल पंप सहित लगभग 40 हजार कीमत के सामान को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** सूरजपुर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में आइक्यूएसी रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रासेयो के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य बृजलाल साहू ने छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया साथ ही पाठ्येतर गतिविधियों में भी तन एवं मन के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मनोरोग विशेषज्ञ सचिन मातुरकर एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रियंका मंडल द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं को विद्यार्थियों के साथ साझा किया।

## रिपोर्ट के अभाव में समय पर शुरू नहीं होता उपचार

# सीटी स्कैन रिपोर्ट तीन से चार दिन बाद मिलने से बढ़ी मरीजों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अव्यवस्था का खामियाजा अब अस्पताल दाखिल होने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं एवं बीमारी में गंभीर हुए मरीज को सीटी स्कैन कराने के लिए परिजन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों का सीटी स्कैन नहीं होता परंतु रिपोर्ट तीन से चार दिन बाद मिलने से न तो मरीज का समय पर उपचार शुरू होती है और न ही उन्हें दवाईयां दी जाती है। ऐसी स्थिति में मरीज सहित परिजन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर परिजन भी उपचार में देरी होने पर मरीज की छुट्टी कराकर निजी अस्पताल में उपचार कराना मुनासिब समझते है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पांच करोड़ के अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन होने के बावजूद मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा।

**खास बात**

- पांच करोड़ के सीटी स्कैन मशीन का गरीब तबके को नहीं मिल रहा लाभ

जिले सहित संभाग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ साल के भीतर ही आवश्यक संसाधनों में काफी वृद्धि हुई है। जिसमें से एक सीटी स्कैन की सुविधा शामिल है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मरीजों को बेहतर उपचार के साथ जांच सुविधा हो इसके लिए कुछ साल पहले 5 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक 128 स्लाइस का सीटी स्कैन मशीन लगाया गया जिससे अधिक से अधिक मरीजों का सीटी स्कैन समय पर हो सके। प्रारंभ में सीटी स्कैन मशीन का लाभ अस्पताल में दाखिल मरीजों को मिलने लगा परंतु अब सीटी स्कैन की व्यवस्था काफी चरमरा गई। हालांकि अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों का न सिर्फ तत्काल सीटी स्कैन एवं फिल्म सहित रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाती है लेकिन गंभीर मरीज के अलावा अन्य मरीजों को सीटी स्कैन रिपोर्ट के लिए तीन से चार दिन तक इंतजार करना पड़ता है।

ऐसे में मरीज का समय पर जांच नहीं होने से उनकी हालत और भी बिगड़ जाती है। इधर चिकित्सक तो सीटी स्कैन के लिए लिख देते है परंतु मरीज के सीटी स्कैन रिपोर्ट आने में कई दिन लग जाने से चिकित्सक भी आगे का उपचार शुरू नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में वार्ड में दाखिल मरीज भगवान भरोसे ही रहते है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला व पुरुष सर्जिकल वार्ड में ऐसे कई मरीज है जो सीटी स्कैन समय पर नहीं होने तथा जांच रिपोर्ट में देरी होने से उपचार शुरू नहीं होने की की समस्या से जूझ रहे है। हाल ही में कई मरीज के समय पर उपचार सही से नहीं होने पर अस्पताल से छुट्टी कराकर निजी संस्था ले गए। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करोड़ों की लागत से लगाई गई सीटी स्कैन मशीन का लाभ अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीजों को नहीं मिल रहा है।




रेडियोलॉजी विभाग के बाहर खड़े मरीज।

### बनाते है कोई न कोई बहाना

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को राहत देने करोड़ों की सीटी स्कैन मशीन लगाई है जिसका लाभ मरीज को मिल सके। परंतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीज सहित चिकित्सक से जांच कराने वाले लोगों को सही से लाभ नहीं मिल रहा। सिर में चोट सहित बीमारी से गंभीर मरीजों को चिकित्सक सीटी स्कैन कराने की सलाह देकर लिख देते है परंतु जब परिजन पर्ची कटवाने के बाद सीटी स्कैन कराते है तो कभी कभी भीड़ होने की बात वापस भेज दिया जाता है और सीटी स्कैन होने के बाद परिजन को रिपोर्ट तैयार नहीं होने की बात कहकर वापस भेज देते है। ऐसे में परिजन को रिपोर्ट के लिए ही कई दिन सीटी स्कैन कक्ष का चक्कर लगाना पड़ता है।

### उपलब्ध कराते है सिर्फ फिल्म

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार व जांच कराने संभाग सहित आसपास के दूसरे प्रदेश के लोग मेडिकल कॉलेज अस्पताल आते है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते है। ऐसे में कई मरीजों को अस्पताल में दाखिल कर सीटी स्कैन तथा कुछ को सिर्फ सीटी स्कैन कराने की सलाह चिकित्सक देते है। ऐसे परिजन मरीज का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन कराते तो उन्हें सिर्फ सीटी स्कैन का फिल्म थमा दिया जाता है। जबकि रिपोर्ट के अभाव में मरीज का समय पर उपचार शुरू नहीं होता। वहीं कई ऐसे में मरीज होते है जो नियरोलॉस्टिक से सलाह लेने में भी रिपोर्ट के अभाव में काफी परेशान रहते है।

### कम खर्च में होता है सीटी स्कैन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मरीज की कई तरह की जांच व उपचार आयुष्मान कार्ड से उपचार होता है जिससे परिजन को नगद राशि खर्च नहीं करनी पड़ती। सीटी स्कैन में नगद राशि देकर रशीद कटवाना पड़ता है व निजी संस्था की अपेक्षा आधी होती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन कराने से परिजन को राहत मिलती है परंतु जब मरीज का किसी निजी संस्था में सीटी स्कैन कराते है तो परिजन को पूरी राशि का भुगतान करना पड़ता है।

### जल्द रिपोर्ट देने बनाई जाएगी व्यवस्था

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन व एमआरआई के लिए दो रेडियोलॉजिस्ट है। एमआरआई एवं सीटी स्कैन की रिपोर्ट देरी से उपलब्ध होने कारण अधिक मरीजों का सीटी स्कैन होने से होता है। रिपोर्ट मरीज के परिजन को जल्द उपलब्ध हो इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी।

-डॉ. जेके रेलवानी
प्रभारी अस्पताल अधीक्षक



## विधायक पोर्ते के मुख्य आतिथ्य में जरही संकुल में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की उपस्थिति में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जरही में शाला प्रवेश उत्सव सांस्कृतिक भवन में मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजा अर्चना कार्यक्रम का शुरुआत किया गया, इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बच्चों को विधायक द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायक ने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अच्छे से पढ़ाई करने के बाद ही अच्छे पदों पर आसीन हो सकते है। पूरन राम राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में विकास कार्यों पर प्रकाश डाला एवं मुकेश सिंह द्वारा जरही के विकास संबंधी कार्यों पर प्रकाश डाला। विधायक द्वारा चंदन लगाकर मिष्ठान खिलाया गया व पुस्तक देकर नवप्रवेशी बच्चों का अभिनन्दन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता, गोपाल शरण सिंह, समय लाल मिश्रा, दीपक मिश्रा, तेज बहादुर सिंह, मीना श्रीवास्तव, किरण गुप्ता, अभय तिवारी, अनुराग द्विवेदी, प्रतीक जायसवाल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विकेश जायसवाल, विवेक सिंह, विकास तिवारी, बसंत यादव, धनेश्वर राजवाड़े, सूरज सिंह, ओपी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक ने किया पशु चिकित्सालय भवन का भूमि पूजन

जरही में पशु चिकित्सालय भवन का भूमि पूजन विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने किया। विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद उनके द्वारा कुदाल चलाया गया। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने हेतु विशेष हिदायत दी। .इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, मुकेश सिंह, शरद चन्द्र द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता, समय लाल मिश्रा,मीना श्रीवास्तव, अभय तिवारी, प्रतीक जयसवाल, अनुराग द्विवेदी, बसंत यादव,सूरज सिंह ,किरण गुप्ता,एव्हीएफओ सोनगरा सुबोध मोदी, एव्हीएफओ जरही इरफान अंसारी, भटगांव एव्हीएफओ अफताब, प्रतापपुर डॉ विवेक पैंकरा सहित कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### चाचा ने भतीजे को मारपीट कर किया घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर ढोढापारा निवासी लल्लू राम राजवाड़े आ. पहलु राम राजवाड़े (40 वर्ष) गत दिन गैरेज दुकान में बैठा था तभी चाचा पुपराम राजवाड़े वहां पहुंचा जिसे देख लल्लु राम ने पुश्तैनी जमीन को बेचने संबंध में पूछने लगा जिससे नाराज हो कर चाचा ने गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया और गैरेज में रखे रिंगपाना से सिर पर वार कर घायल कर दिया। घटना को देख मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



### विश्व आदिवासी दिवस को लेकर बैठक

**राजपुर।** आदिवासी समाज द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन को लेकर समाज के प्रमुख सदस्यों ने स्थानीय रेस्ट हाउस में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। आगामी त्यौहार को बेहतर तरीके से मनाने और कार्यक्रम में लगभग 10 हजार से अधिक समाज के लोगों को जुटाना को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान समाज के वरिष्ठ लाल साय मिंज ने बताया कि आगामी विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मंडी प्रांगण में बेहतर तरीके मनाई जायेगी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम 10 बजे धरती पूजा की जाएगी, इसके पश्चात 10 से 11 बजे के बीच तक अतिथियों का स्वागत, 11 से 3 तक उद्बोधन व सांस्कृतिक कार्यक्रम, 3 से 5 बजे तक मंडी प्रांगण से सरगुजा सर्विस स्टेशन तक शोभा यात्रा की जाएगी। इसके साथ शाम 6 बजे कार्यक्रम की समाप्ति करने को लेकर चर्चा की गई है। इस अवसर में अनिल भारती, आनंद तिग्गा, कृष्णा टोप्पो, सुनील भगत, सरजू, देवबली टेकाम, विजय कुंवर सिंह, अनिल खलखो आदि मौजूद थे।

## अस्पताल में सफाइकर्मियों पर मंडराया नौकरी का खतरा, बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पूर्व महापौर के नेतृत्व में कांग्रेस ने की मुलाकात, अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था को ठेके पर कर दिया है। इसके कारण अस्पताल 15-20 वर्षों से कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।

जीवन दीप समिति के फंड से कलेक्टर दर पर ये सफाई कर्मचारी लंबे समय से कार्य कर रहे थे। मेडिकल कॉलेज द्वारा ठेका व्यवस्था अपनाने और नए कर्मचारियों के लिए अधिकतम 40 वर्ष की आयुसीमा तय करने के कारण इन 150 कर्मचारियों पर बेरोजगारी का खतरा मंडरा रहा था। इस कारण ये कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में बनाई गई स्वास्थ्य कमेटी ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाकर हड़ताली सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और अस्पताल अधीक्षक को इन कर्मचारियों के हित में ज्ञापन सौंपा। चर्चा के दौरान इन सफाई कर्मचारियों ने जानकारी दी कि ठेका पद्धति में यह नियम बनाया गया है कि 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को काम पर नहीं रखा जाएगा। इस एक नियम के कारण पूर्व से कार्यरत 150 सफाई कर्मचारियों में से अधिकांश के समक्ष रोजगार की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। सफाई कर्मचारियों का यह भी कहना था कि ठेका व्यवस्था आने के बाद यह संभावना है कि ठेकेदार उनके मौजूदा वेतन में कटौती कर भुगतान करेगा। उन्हें ड्रेस का खर्च खुद वहन करना पड़ेगा। साप्ताहिक अवकाश नहीं मिलेगा एवं बीमारी की वजह से कार्य पर नहीं आ पाने पर ठेकेदार उन्हें सेवा से बेदखल कर देगा। सफाई कार्य का ठेका पाने वाले ठेकेदार के व्यवहार पर भी इन कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाया। कर्मचारियों इन मांगों को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने अस्पताल अधीक्षक से चर्चा की। अस्पताल अधीक्षक को यह बताया गया कि इस व्यवस्था को अपनाने के कारण किसी कर्मचारी को बेरोजगार न किया जाये। 40 वर्ष की आयु सीमा के शर्त को समाप्त किया जाये। अस्पताल अधीक्षक ने जानकारी दी है कि 40 वर्ष की नहीं बल्कि 50 वर्ष की आयु सीमा का प्रावधान है, क्योंकि इससे अधिक आयु सीमा के कर्मचारियों का ईपीएफ नहीं काटा जा सकता। इसपर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने उन्हे सुझाव दिया कि आम कर्मचारियों के सेवानिवृत्त की आयु की तरह नियम सफाई कर्मचारियों के लिये भी लागू की जाए और 50 वर्ष से अधिक आयु के सफाई कर्मचारी को बगैर ईपीएफ कटौती के ही काम पर रखने की व्यवस्था बनाई जाये। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से संवाद के बाद अस्पताल प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि मौजूदा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद ही नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती नयी ठेका पद्धति में कई जाएगी। ठेकेदार के आचरण को लेकर सफाई कर्मचारियों की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि अगर ठेकेदार गलत व्यवहार करेगा तो ठेका निरस्त कर दिया जाएगा। इस दौरान डॉ. अजय तिर्की ने कहा है कि यदि ठेकेदार अनुचित आचरण करता है तो उसकी शिकायत लेकर हमारे पास आइये हम आपके लिये न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विनय शर्मा , अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिद्धू मौजूद रहे।



### सूने मकान में चोरों का धावा, पार किया नकदी व दस्तावेज

**अम्बिकापुर।** सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने पेटी में रखे नगदी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोरजा निवास राजनाथ राजवाड़े आ. शिवरतन राजवाड़े घर में अकेला रहता है। गत दिन घर में ताला लगाकर अंबिकापुर आ गया था। शाम को वापस घर लौटा तो देखा दरवाजा खुला तथा कमरे में सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक ने जब घर की तलाशी ली तो पता चला की पेटी में रखे नगद 40 हजार रूपए के अलावा आधार कार्ड जमीन के ऋण पुस्तिका गायब थी। घटना की रिपोर्ट राजनाथ ने लखनपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दरवाजा को खोलकर चोर ले उड़े 10 बोरी धान

सूने मकान का दरवाजा खोलकर चोरों ने दस बोरी धान पार कर दिया। मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सिरसी निवासी रविशंकर गुप्ता आ. त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता (39 वर्ष) गांव स्थित जुनापारा पुराना घर में धान भरे 100 बोरियों को रखा था जबकि नए मकान के परिवार के साथ रहते है। गत दिन पुराना घर गया तो देख दरवाजा खुला और कमरे रखे दस बोरी धान गायब थे। घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305,331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मर्ग जांच उपरांत पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध दर्ज किया अपराध

**अम्बिकापुर।** बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बधियां चुआ निवासी सामार साय आ.स्व. चमरू राम घासी (57 वर्ष) 29 जुलाई नागपंचमी के दिन परिवार के साथ नाग देवता के पूजा करने ग्राम आमगांव कुरो पहाड़ आया था। पूजा के पश्चात वाहन से परिवार के साथ वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सामान लेने के लिए वाहन से उतर सड़क पार करने लगा तभी पीछे से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएल 3171 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सोमार साय को टक्कर मार दी जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से सोमार साय मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन डायल 112 की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौरपुर लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू की। पुलिस ने मर्ग जांच में बाइक की टक्कर से घायल की मौत होने पर बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।


## एसईसीएल सिविल विभाग में फर्जी भुगतान का मामला मुख्यालय से विजलेंस की तीन सदस्यीय टीम पहुंची

- एमटी सिविल और पूर्व ओवरसियर की भूमिका संदिग्ध, दर्ज किये जा रहे बयान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के सिविल विभाग में पूर्व ओवरसियर और एमटी सिविल द्वारा विजलेंस के निर्देश को दरकिनार कर ठेकेदार को फर्जी भुगतान करने मामले में कंपनी के सतर्कता विभाग को लिखित शिकायत भेजी गई थी,जिसके कुछ समय बाद मंगलवार को कंपनी मुख्यालय बिलासपुर की तीन सदस्यीय जांच टीम बिश्रामपुर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।शिकायत में कुल छह कार्यों में नियम विरुद्ध तरीके से कार्य करते हुए ठेकेदार को अतिरिक्त लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फर्जी भुगतान किये जाने का जिक्र किया गया है।बताया गया कि अमेरा खदान बूम बैरियर से संगीटाना तक सड़क में हुए गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी डालने के काम में क्षेत्रीय प्रबंधन और सिविल विभाग के तत्कालीन ओवरसियर जिनका हाल ही में बैकुंठपुर तबादला हुआ है,उनसे साठगांठ कर ठेकेदार ने मात्र आठ से दस ट्रिप ट्रेक्टर गिट्टी डालकर बीस लाख रुपये की मोटी रकम का बिल आहरण कर लिया,इसके बाद अखबार में खबर प्रकाशन के बाद प्रबंधन ने अपनी गलती छुपाने के लिए लीपापोती करने दुबारा इसी सड़क पर कोल ट्रांसपोर्टिंग का हवाला देते हुए पुनः 24 लाख का टेंडर गड्ढों में गिट्टी भरने के काम का निकालते हुए इस कार्य को फिर से पूरा कराया।सिर्फ चार माह के अंतराल में एक ही काम का दो बार टेंडर कर भुगतान करने मामले की जांच विजलेंस ने आरंभ कर दी है।इसके अतिरिक्त एसईसीएल कम्पनी अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा के दौरान एकता स्टेडियम में क्रिकेट पिच बनाने के नाम पर भी साढ़े पांच लाख रुपये की राशि गबन करने, एमटी सिविल द्वारा कम कार्य के बदले पूरी राशि भुगतान करने,वर्तमान व पूर्व एएमसी वर्क में गड़बड़ी करने सहित कुल छह कार्यों की शिकायत पर कंपनी मुख्यालय की विजलेंस टीम मामले की जांच कर रही है।प्राप्त जानकारी अनुसार कंपनी मुख्यालय की विजलेंस टीम संजीव निगम के अलावा दो अन्य अधिकारी अलग अलग शिकायत की जांच और अधिकारियों से आवश्यक पूछताछ कर उनका ब्यान दर्ज किया है।

### क्रिकेट पिच बनाने को लेकर हुई धांधली

दरअसल एकता स्टेडियम में कम्पनी अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान यहां साढ़े पांच लाख रुपये खर्च कर क्रिकेट पिचबनाने का कार्य किया जाना था, शिकायत के अनुसार ठेकेदार द्वारा रंग रोगन के अलावा बिना कुछ काम कराये ही एम टी सिविल से मिलीभगत कर पूरी राशि का आहरण कर गबन कर लिया गया।आरोप यह भी है कि इसी ठेकेदार के द्वारा वर्तमान में एएमएसी के दो वर्ष के ठेके के काम में निर्धारित संख्या के मजदूरों को काम में न रखकर मात्र सात आठ की संख्या में मजदूरों को काम पर भेजकर सिविल अमले से मिलीभगत कर पूरा बिल बनवा लिया जाता है और इन्हीं मजदूरों से दूसरे टेंडर के अतिरिक्त कार्य भी करा लिए जाते हैं।



### सराफा संघ ने महामाया मंदिर में किया पूजन एवं भंडारा

**अम्बिकापुर।** सावन के आखिरी मंगलवार को महामाया मंदिर प्रांगण में पूजन, हवन, सुंदर कांड पाठ एवं भजन-कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान परशुराम सोनी, राम अवतार सोनी, अरूण सोनी, जगमोहन सोनी, सुरेश सोनी, बजरंगी सोनी, हरि नारायण सोनी, वासुदेव सोनी, अनिरूद्ध सोनी, लड्डू सोनी, कन्हैया, रामू सोनी सहित बड़ी संख्या में सर्राफा संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## जयनगर थाना क्षेत्र का पुनः परिसीमन कर नवीन अजबनगर चौकी खोले जाने मंगाया गया प्रस्ताव

**बिश्रामपुर।** सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर जिला सूरजपुर अंतर्गत थाना जयनगर का फिर से परिसीमन किये जाने की खबर है।गौरतलब है कि सन 1930 में स्थापित जयनगर थाना को फिर से परिसीमित कर अजबनगर में एक नवीन पुलिस चौकी की स्थापना किये जाने की प्रबल संभावना है, इसके लिए शासन स्तर पर विभागीय प्रस्ताव मंगाया गया है। चौकी की स्थापना हो जाने से न केवल सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता किया जाएगा, बल्कि करीब एक दर्जन गांवों को नया प्रशासनिक सहारा भी मिल सकेगा।

गौरतलब है कि जयनगर थाना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 1930 में हुई थी,जब यह क्षेत्र तत्कालीन रियासत व्यवस्था के अधीन था,यह थाना ग्राम कुंजनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर स्थित है,जो सूरजपुर जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर है,यह थाना 820 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल और 28 गांवों की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजबनगर चौकी की स्थापना किये जाने की कवायद शुरू होने की बात कही जा रही है,इसके लिए प्रस्ताव भेजे जाने पश्चात क्षेत्रीय परिसीमन प्रक्रिया प्रारंभ होने की भी बात कही जा रही है,जिसमें ग्राम मदनपुर से संजयनगर तक के दर्जन भर गांवों को शामिल किए जाने की संभावना है।इससे जयनगर थाना का पूर्वी हिस्सा अलग होकर एक नया प्रशासनिक ढांचा तैयार करेगा,जो क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक चुनौतियों के अनुरूप होगा।



# बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने पर वरुण ने काटा केक

**मुंबई।** वरुण धवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में वरुण की स्वर्ण मंदिर से कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं। वहीं, बुधवार को निर्माताओं ने एक पोस्ट के जरिए वरुण की बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। ये खास तस्वीरें बॉर्डर 2 के सेट के दौरान की हैं। इन तस्वीरों में निर्देशक अनुराग सिंह, निर्माता भूषण कुमार और वरुण अपनी को-स्टार मेधा राणा के साथ नजर आ रहे हैं। वरुण की ये तस्वीरें 'बॉर्डर 2' के रैप-अप शेड्यूल की हैं। वहीं एक तस्वीर में वरुण केक काटते बेहद खुश नजर आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'वरुण ने बॉर्डर 2 के लिए अपना शेड्यूल पूरा किया।

## लाइफ Style

# जान्हवी ब्राइडल लुक में आईं नजर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म परम सुंदरी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच उनका एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह ब्राइडल लुक में नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर को मसाबा गुप्ता ने दुल्हन के रूप में पेश किया है। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जान्हवी अलग-अलग ब्राइडल लुक में दिखीं। उन्होंने भूरा लहंगा, सिंदूरी लाल लहंगा, लाल बस्टियर के साथ लहंगा स्कर्ट, धोती स्कर्ट और ब्लाउज के साथ कई शानदार पोज दिए। इन लहंगों की हर डिजाइन में जरदोजी, सेक्विन, गोटा पट्टी कढ़ाई, लटकन और झालरों का खूबसूरत काम दिखाई दे रहा है। जान्हवी ने इन लुक्स को सोने के गहनों, आकर्षक मेकअप और फूलों से सजे हेयर स्टाइल के साथ पूरा किया। जान्हवी के इस लुक पर राजकुमार राव की पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा ने लाल दिल वाला इमोजी शेयर किया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों को जान्हवी का ब्राइडल लुक पसंद आया। एक फैन ने लिखा, 'मसाबा ब्राइडल में करीना की झलक दिखी, वो सबसे ऊपर थीं', एक और फैन ने लिखा, 'अद्भुत', एक और फैन ने लिखा, 'वह बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं', एक और फैन ने लिखा, 'जान्हवी ने श्रीदेवी जी की याद दिला दी उनकी आंखें शानदार हैं।' एक फैन ने लिखा, 'यह लुक सपनों जैसा है। तो वहीं कुछ फैन ने इस लुक को 'आइकॉनिक' बताया।



## हॉलीवुड मसाला



# द हॉवर्ड स्टर्न शो बंद होने की संभावना

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एंकर हॉवर्ड स्टर्न का मशहूर 'द हॉवर्ड स्टर्न शो' 1986 से 2005 तक पूरे अमेरिका में स्थानीय रेडियो पर प्रसारित किया गया था। 2006 से यह शो सिरियसएक्सएम रेडियो पर प्रसारित हो रहा है। अब ताजा जानकारी के अनुसार, यह शो अनुबंध समाप्त होने की वजह से बंद किया जा सकता है। मशहूर रेडियो शो 'द हॉवर्ड स्टर्न शो' जल्द खत्म हो सकता है, क्योंकि प्रसिद्ध हॉवर्ड स्टर्न का सिरियसएक्सएम के साथ 5 साल का 500 मिलियन डॉलर का अनुबंध खत्म होने वाला है।



# केली मैक को द एलीफेंट गार्डन से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'वॉकिंग डेड' में अपनी भूमिका से मशहूर केली मैक के निधन से पूरे मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। महज 33 साल की उम्र में एक्ट्रेस का जाना हर किसी को हैरान कर रहा है। केली मैक का जन्म 10 जुलाई 1992 को अमेरिका के सिनसिनाटी शहर में हुआ था। अभिनेत्री के जन्म के समय का नाम केली लिन क्लेबेनो था। एक्ट्रेस ने बहुत कम उम्र से ही एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी थी। केली मैक को पहली बार साल 2008 में 'द एलीफेंट गार्डन' से पहचान मिली, जिसके लिए उन्हें टिश स्कूल ऑफ आर्ट्स का एक्टिंग अवार्ड भी मिला। इसके बाद एक्ट्रेस ने वेब सीरीज वॉकिंग डेड से लोगों के बीच अपनी जगह बनाई। इसके अलावा अभिनेत्री ने एनिमेटेड फिल्म स्पाइडर मैनः इनटू द स्पाइडर वर्स में ग्वेन स्टेसी की आवाज दी थी।



# अश्लीलता फैलाने का लगा आरोप...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री श्वेता मेनन इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं, हालांकि इसकी वजह उनकी कोई फिल्म या प्रोफेशनल प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक कानूनी विवाद है। दरअसल, अभिनेत्री पर अश्लीलता फैलाने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिनके चलते उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ये मामला एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है, जिसमें अभिनेत्री पर कुछ फिल्मों और विज्ञापनों में अश्लील और नग्न अवस्था में सीन दिखाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता मार्टिन मेनाचेरी ने कोर्ट में याचिका दायर कर ये दावा किया कि श्वेता ने पैसा कमाने के लिए फिल्मों और विज्ञापनों में आपत्तिजनक सीन किए, जिनका प्रसार बाद में सोशल मीडिया और एडल्ट वेबसाइट्स के जरिए से किया जा रहा है।



# बेचैन कर देगी अंधेरा वेब सीरीज की कहानी

**मुंबई।** हॉरर कहानियों का अपना रोमांच होता है। डर से कांपना, खौफ में एक आंख बंद कर के भी पर्दे पर उस मंजर को देखना। यदि आप मनोरंजन की दुनिया में ऐसे ही थ्रिल से राबता रखते हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। एक नई सुपरनैचुरल हॉरर वेब सीरीज आ रही है। नाम है 'अंधेरा', जिसमें सुरवीन चावला, प्राजक्ता कोली, वत्सल सेठ और प्रिय बापट जैसे दमदार कलाकार रूह से चीख निकालने आ रहे हैं। यह सीरीज इसी महीने ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका पहला पोस्टर और रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। यह वेब सीरीज इसी महीने 14 अगस्त 2से स्ट्रीम होगी। वेब सीरीज के क्रिएटर गौरव देसाई कहते हैं, 'अंधेरा' बनाना मेरे लिए सबसे अच्छा और खुशी देने वाला अनुभव रहा है।

## टीवी मसाला



# 11 साल बाद दर्शकों को अलविदा कहने वाला है 'कुमकुम भाग्य'

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल कुमकुम भाग्य अब दर्शकों को अलविदा कहने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह सीरियल जल्द ही ऑफ एयर होगा। शो को बंद करने का कारण चैनल ने भी साझा किया है। साथ ही कुमकुम भाग्य की जगह पर दर्शकों को एक नया सीरियल भी देखने को मिलेगा। साल 2014 में सीरियल कुमकुम भाग्य शुरू हुआ। अब तक इस सीरियल में तीन पीढ़ियां बदल चुकी हैं। इस सीरियल को पिछले कुछ साल में काफी अच्छी टीआरपी मिली, दर्शकों के बीच यह पॉपुलर हो गया था। लेकिन, कुछ वक्त से इसकी टीआरपी लगातार गिर रही है। ऐसे में चैनल ने इसे बंद करने का फैसला लिया है। कुमकुम भाग्य को एक नया टीवी सीरियल रिप्लेस करेगा। इस नए सीरियल का नाम गंगा माई की बेटियां हैं। इस नए सीरियल को रवि दुबे और सरगुन मेहता अपने प्रोडक्शन हाउस तले बना रहे हैं। गंगा माई की बेटियांमें अमनदीप सिद्धू, शीजान खान और शुभांगी लाटकर लीड रोल में होंगे। इस सीरियल को अभी टाइम स्लॉट नहीं मिला है, लेकिन कुमकुम भाग्य ऑफ एयर होते ही यह नया सीरियल दर्शकों को देखने को मिलेगा।

## मनचाहा किरदार मिलते ही 'शक्तिमान' पर बनेगी फिल्म

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाला सबसे चर्चित शो शक्तिमान प्रत्येक बच्चों की पहली पसंद था। अभिनेता मुकेश खन्ना ने



शक्तिमान के किरदार को घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया था। पॉपुलर शो शक्तिमान पर इस समय फिल्म बनाने की बात चल रही है, जिसकी घोषणा कोरोना वायरल के आने से पहले हुई थी। लेकिन, ऐलान के बाद से ही मेकिंग को लेकर कोई अपडेट नहीं है। अब सुपरस्टार मुकेश खन्ना ने फिल्म को लेकर ऐसी बात कह दी है, जो फैंस को परेशान कर रही है। मुकेश खन्ना ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं सब झूठ है, शक्तिमान फिल्म नहीं आएगी। 'रुकावट के लिए खेद है, यह फिल्म अटकी हुई है और इसका कारण मैं खुद हूं, क्योंकि मुझे शक्तिमान चाहिए।' आगामी फिल्म शक्तिमान के लिए पेपरवर्क का काम हो गया है और सोनी लिव के साथ एग्रीमेंट भी साइन हो चुका है। अभिनेता को मनचाहा किरदार मिलते ही फिल्म शुरू हो सकती है। मुकेश खन्ना ने फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं लेकिन वह टीवी पर शक्तिमान और पितामह भीष्म का किरदार निभाकर दर्शकों के बीच मशहूर हो गए।

# 120 बहादुर से पहले इन फिल्मों में भी दिखी भारत-चाइना वॉर की कहानी

*नई दिल्ली। निर्माता-निर्देशक और अभिनेता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 120 बहादुर को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 120 बहादुर की कहानी 1962 की भारत-चाइना युद्ध के दौरान रेजांग ला की असली बहादुरी से जुड़ी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया है। इस टीजर में दिखाया गया है कि कैसे 120 भारतीय सैनिक हजारों दुश्मनों के सामने मजबूती से खड़े रहे और इतिहास बना दिया। 120 बहादुर 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में फरहान अख्तर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। 120 बहादुर से पहले भी कई बॉलीवुड फिल्मों में भारत-चाइना युद्ध की कहानी को दिखाया गया है।*

**पलटन** : जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित पलटन एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। साल 1962 में भारत चीन से युद्ध हार गया था। उस युद्ध के बाद ठीक पांच साल बाद चीन की सेना ने एक बार फिर से भारतीय सीमा में हमला कर दिया था। दरअसल, उस वक्त भारतीय सेना नाथू ला से सेबू ला (सिक्किम) तक फेंसिंग कर रही थी और चीनी सेना ये नहीं चाहती थी। चीनी सेना ने एक बार फिर से उसी जीत को याद करते हुए आक्रमण कर दिया था। भारतीय जवानों ने मोर्चा संभाला और चीन के सैनियों का हौसला पस्त कर दिया। किस तरह भारतीय जवानों ने अपने देश के लिए युद्ध किया, किस तरह चीन के सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब दिया, पलटन में इसी कहानी को दिखाया गया है।



**72 हॉवर्सः मार्टियर हू नेवर डाइड** : 72 हॉवर्स मार्टियर हू नेवर डाइड सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। इसमें राइफलमैन जसवंत सिंह रावत की कहानी को दिखाया गया है। जसवंत सिंह रावत ने 1962 में हुए इंडो-चाइना वॉर में मुश्किल हालातों के बीच दुश्मनों को मौत के घाट उतारा था। फिल्म जसवंत सिंह रावत की वीरता को दिखाती है।

**1962: द वॉर इन द हिल्स** : 1962: द वॉर इन द हिल्स एक वेब सीरीज है, जिसका निर्देशन महेश मांजरेकर ने किया है। सीरीज में भारत-चाइना के बीच के युद्ध की कहानी को दिखाया गया है। इसमें जवानों की जांबाजी के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी में चल रही उथल-पुथल को भी बखूबी दिखाया गया है। 10 एपिसोड की इस सीरीज अभय देओल, सुमित व्यास और माही गिल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन संग नजर आईं सारा कैमरा देखते ही आया गुस्सा...

**मुंबई।** मनोरंजन की दुनिया में अक्सर ऐसे वीडियोज सामने आते हैं, जो नेटिजंस के मन में कई सवाल खड़े करते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान, अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ दिख रही हैं। इस वीडियो के आते ही अफवाहों का बाजार एक बार फिर से गरम होता दिख रहा है और यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आइए देखें वीडियो। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सारा अली खान अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन प्रताप बाजवा संग किसी दुकान के बाहर नाश्ता करती दिख रही हैं। दोनों को काफी सिंपल लुक में देखा गया, जिसमें एक्ट्रेस ने ब्लैक टॉप संग प्लाजो पहन रखा था, वहीं अर्जुन को ब्लैक





चश्मा-टीशर्ट और टोपी लगाए देखा जा सकता है। हालांकि, जब एक्ट्रेस को पता चला कि कोई उनका वीडियो बना रहा है, तो वह गुस्सा हो जाती हैं। इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा, आदित्य रॉय का क्या होगा। दूसरे यूजर ने कहा, पापा का नाम रोशन कर रही। एक और यूजर ने लिखा, इनकी शादी करवा दो। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा कि भाई चाय पीने दो। बता दें ये पहली बार नहीं है जब सारा और अर्जुन प्रताप बाजवा साथ नजर आए हैं। इससे पहले भी दोनों की एक तस्वीर गुरुद्वारे से निकलते समय आई थी, जिसमें दोनों एक ही कार में बैठे हुए स्पॉट किए गए थे।

## अनोखे हास्य, शानदार अभिनय और बेजोड़ टाइमिंग के साथ दर्शकों के दिलों में बनाई जगह

# 38 साल में कर चुके हैं 1000 फिल्में, इस एक्टर का नहीं कोई मुकाबला

**नई दिल्ली।** जॉनी लीवर, राजपाल यादव, परेश रावल जैसे सुपरस्टार अपनी कॉमेडी फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर हैं। जबकि कपिल शर्मा इन दिनों टीवी और ओटीटी शोज के जरिए फैंस को हंसाते हुए नजर आते हैं। लेकिन साउथ के एक सुपरस्टार ऐसे हैं, जिन्होंने ना सिर्फ कॉमेडी में अपनी पहचान बनाई। बल्कि 1000 से ज्यादा फिल्मों में अपनी एक्टिंग के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में रिकॉर्ड भी दर्ज करवाया है। हम बात कर रहे हैं कनेगांति ब्रह्मानंदम, जिन्हें आमतौर पर ब्रह्मानंदम के नाम से जाना जाता है। भारतीय सिनेमा, खासकर से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री (टॉलीवुड) के सबसे पॉपुलर और चहेते प्रिय कॉमेडियन में से एक हैं। अपने अनोखे हास्य, शानदार अभिनय और बेजोड़ टाइमिंग के साथ, उन्होंने लाखों दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। इसके चलते वह सबसे अमीर कॉमेडियन भी बन गए हैं।



**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है नाम** : ब्रह्मानंदम का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है, क्योंकि उन्होंने एक जीवित एक्टर के रूप में सबसे अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। उनकी फिल्मों की संख्या 1,000 से अधिक है, जो एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। यह रिकॉर्ड उन्होंने केवल 38 साल में हासिल किया, जो उनकी मेहनत और लोकप्रियता का जीता जागता सबूत है।

**रातोंरात बने सुपरस्टार** : उनका फिल्मी सफर 1987 में फिल्म आहा ना पेल्लांटा! से शुरू हुआ, जिसमें निर्देशक जंध्याला ने उन्हें मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद, उन्होंने 1990 के दशक और 2000 के शुरुआती सालों में तेलुगु सिनेमा में खूब नाम कमाया। उनकी कुछ पॉपुलर फिल्में विवाह भोजानमबु (1988), जगदेका वीरुडु अतिलोका सुंदरी (1990), हैलो ब्रदर (1994), मनमधुडु (2002), धी (2007), रेडी (2008), दूकुडु (2011), रेस गुर्रम (2014) शामिल हैं।

## मीम्स के कहलाते हैं भगवान

इसके अलावा, ब्रह्मानंदम ने तमिल, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन उनकी पॉपुलैरिटी तेलुगु सिनेमा में ज्यादा है। उनकी कॉमेडी और अभिनय के कारण उन्हें हास्य ब्रह्मा और मीम्स के भगवान जैसे निकनेम भी मिले हैं। वहीं ब्रह्मानंदम को पद्मश्री (2009): भारत सरकार द्वारा दिया गया। यह चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान उनके सिनेमाई योगदान के लिए, छह नंदी पुरस्कार, तेलुगु सिनेमा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, सर्वश्रेष्ठ कॉमेडियन के लिए दो फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ, बेस्ट कॉमेडियन के लिए छह सिनेमाआ अवॉर्ड्स, सबसे ज्यादा फिल्मों में एक्टिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय ने उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया।

## सबसे महंगे कॉमेडियन हैं

ब्रह्मानंदम न केवल भारत के सबसे लोकप्रिय कॉमेडियनों में से एक हैं, बल्कि सबसे अमीर भी हैं। विभिन्न स्त्रोतों के अनुसार, उनकी नेट वर्थ 500 करोड़ रुपए (लगभग 60 मिलियन डॉलर) से अधिक है। यह रकम उन्हें रणबीर कपूर, प्रभास और कपिल शर्मा जैसे कई बड़े सितारों से भी आगे रखती है। ब्रह्मानंदम प्रति फिल्म 1-2 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं, यहां तक कि छोटे रोल या कैमियो के लिए भी। इसके अलावा वह विज्ञापनों और ब्रांड्स के लिए भी मोटी रकम वसूलते हैं। वह प्रोड्यूसर, स्टेज परफॉर्मर और रियलिटी टीवी शो होस्ट के रूप में भी काम करते हैं।

**खबर संक्षेप**

## बाक्सिंग स्पर्धा में ओपीएस के चार खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड एवं सिल्वर




**अम्बिकापुर।** सीबीएसई स्कूल जोनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के 4 विद्यार्थियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से विद्यालय एवं शहर को गौरवान्वित किया है । पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित पूर्व इंटरनेशनल स्कूल में 29 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित स्पर्धा में ओपीएस के अकांक्षा एक्का, आस्था कुशवाहा, आराध्या श्रीवास्तव एवं विक्रांत साहू ने भागीदारी की। स्पर्धा में छत्तीसगढ़, उड़ीसा, असम, वेस्ट बंगाल एवं मेघालय के सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कड़ी स्पर्धा में अकांक्षा एक्का एवं विक्रांत साहू ने स्वर्ण पदक वहीं आस्था कुशवाहा ने रजत पदक तथा आराध्या श्रीवास्तव ने कांस्य पदक जीता है। इन सभी विद्यार्थियों का चयन 11 सितम्बर 2025 से हरियाणा में होने वाले राष्ट्रीय सीबीएसई बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए किया गया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आइए खान सूरी ने शुभकामनाएं दी है।

## रेणुका नदी से जल लेकर कांवरियों ने पंच महादेव का किया जलाभिषेक



**सूरजपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंच मंदिर सेवा समिति सूरजपुर द्वारा श्रावण मास के अंतिम सोमवार के दिन रेणुका नदी के तट पर छठ घाट से पंच मंदिर भैयाथान रोड तक भव्य कावड़ पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांवरियों ने रेणुका नदी के तट से जल उठाकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पंच मंदिर स्थित पंच महादेव पर जलाभिषेक किया। इस दौरान कांवरिए पूरे रास्ते भर डीजे की धुन पर बाबा भोलेनाथ के भजनों पर झूमते व गाते हुए बोल बम व हर-हर महादेव के नारों के गुंजायमान के साथ मस्ती में सराबोर रहे। कांवरियों के लिए रास्ते भर में शिव भक्तों के द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी।

### हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की रणनीति तय

# तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, राष्ट्रभक्ति एकता और संगठन की प्रतीक है: रामकिसुन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

देश व्यापी तिरंगा यात्रा को संदर्भ में भाजपा जिला कार्यालय छिंदडांड़ बैकुंठपुर में जिला कार्यशाला में हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की रणनीति तय की गई।

बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी रामकिसुन सिंह, विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, संयोजक केबी जायसवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, राजेश सिंह, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, नपाध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, ईश्वर राजवाड़े, शारदा गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा उपस्थित रहे। प्रभारी रामकिसुन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णतः सफल रहा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया समृद्धशाली, शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत बना है, सभी को इस पर गर्व है, पूरे देशभर में हर्षोल्लास के हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान को देश भक्ति के साथ मनाएंगे। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व भारत आत्मनिर्भर बन रहा है।




जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, जिला स्तरीय कार्यशाला में प्रमुख रूप से मंडल योजना बैठक 8 अगस्त को निर्धारित किया गया है एवं जिला स्तर 13 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। 13 से 14 अगस्त को अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ता निभाएंगे। संयोजक केबी जायसवाल ने कहा कि हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान को जिला, मंडल व बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। जिला और मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने मंडल प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक-सदस्यों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, गीता राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हितेश सिंह, सह प्रभारी गणेश यादव, वर्षा साहू, सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, राकेश गुप्ता, भानू पाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, सुभाष साहू, लक्ष्मण राजवाड़े, नरेश्वर रजक, जनपद सदस्य रंजीत मंडल, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष रामखलन यादव, महामंत्री सचिदानंद द्विवेदी, सत्यम साहू, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, सचिन मलिक, मंडल अध्यक्ष संजय चिकनजूरी महामंत्री सुशीला यादव, भरत यादव, मंडल अध्यक्ष किशोर सिरदार, महामंत्री दिनेश साहू, सुरेश सिरदार, मंडल अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े, महामंत्री रिता यादव, मनोज साहू, संगीता गुप्ता, सतेन्द्र राजवाड़े, प्रखर गुप्ता,रमेश तिवारी,सुनील सिंह, ज्योति देवांगन, रेखा वर्मा सहित पार्टी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। मोर तिरंगा मोर अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नदी पार स्थित गुजराती भवन में किया गया। यह कार्यशाला राष्ट भक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने, तिरंगा यात्रा को सफल बनाने एवं हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से संपन्न हुई। कार्यशाला की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर संपन्न हुई। मंचासीन अतिथियों में पूर्व जिलाध्यक्ष सूरजपुर बाबूलाल अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, अभियान के जिला संयोजक लखनलाल श्रीवास्तव, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामलाल साहू सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में तिरंगा यात्रा की आवश्यकता, उद्देश्य एवं जनसहभागिता की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल राष्टध्वज नहीं, बल्कि हमारी एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है, जिसे हर घर पर लहराना देश के प्रति हमारी श्रद्धा का परिचायक है। कार्यशाला में जिला स्तर के पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री आशीष मजूमदार ने किया। कार्यशाला के दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, प्रशिक्षण सत्र तथा प्रचार-प्रसार के माध्यम पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर अभियान को जनआंदोलन का रूप दें। कार्यक्रम का समापन राष्टगान के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला मिडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने सभी उपस्थितजन व सहभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर मुकेश जायसवाल, जिला प्रवक्ता जमुना पाण्डेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिमा पटवा, जिला मंत्री श्रीमती प्रवीण सिंह, कविता दिवान, हीरालाल मौर्य, जयंती यादव, जिला कार्यालय मंत्री रमेश यादव, पवन शुक्ला, आनंद गुप्ता, अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह, माधव सिंह, राजेश कुमार विश्वकर्मा,जिला सोशल मिडिया संयोजक मनोज केशरवानी,धर्मपाल सिंह, रमेश कुमार जयसवाल, राम प्रताप गुप्ता, रामकृष्ण,गंगा राम, राम भरोस, मुनीम सिंह ,रामा शंकर सिंह, श्रीमती कविता दीवान,कलावती सिंह,आशा सिंह, ज्योति गुप्ता जनपद उपाध्यक्ष मनेन्द्रगढ़,अर्चना विश्वकर्मा मंडल महामंत्री मनेन्द्रगढ़, गौरी सिंह जिला उपाध्यक्ष,सरोज यादव जिला उपाध्यक्ष, अनीता सिंह जिला सदस्य केल्हारी, जानकी बाई कुसरो जनपद अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़, बबीता सिंह मंडल अध्यक्ष हसदेव मंडल, सुनील मिश्रा समेत जिलेभर के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## शिष्यों की सफलता पर जो आनंद प्राप्त होता है वही शिक्षक के लिए सच्चा सुख है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बमनेन्द्रगढ़

शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्टÑीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित व्यास पूजा (गुरू शिष्य संवाद) के अवसर पर अपना उद्बोधन देते हुए संस्था प्रमुख प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा ने कहा कि हमें अपनी परंपराओं एवं रीति-रिवाजों पर गर्व होना चाहिए और आधुनिकता के इस दौर में अपने प्राचीन संस्कारों को नहीं भूलना चाहिए, इसके साथ ही वैदिक कालीन शिक्षा प्रणाली तथा वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की।

सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शिवकुमार शर्मा ने मुख्य वक्ता की आसंदी से वैदिक काल से आज तक की गुरू शिष्य परंपरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी तारतम्य में राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी परमानंद ने भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरू की भूमिका एवं महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जीवन में गुरू का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि गुरू ही हमें जीवन का मार्ग दिखाते हैं और हमें बेहतर उद्देश्य पूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा ने बताया कि गुरू के सानिध्य में रहने वाले विद्यार्थियों के आचरण एवं उनके व्यक्तित्व में गुणात्मक परिवर्तन होता है, इससे वे जिम्मेदार नागरिक बनते हैं और जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।

इस अवसर पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दुर्गा यादव, रवीना मौर्य, मालती बैगा, सृष्टि केवट, प्रियंका बैगा ने भी गुरूओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.विनीत कुमार पाण्डेय, डॉ.दीपशिखा पटेल, आशुतोष वर्मा, मोनिका मिश्रा, महरोज बेगम, गीतिका वर्मा, रागिनी नामदेव, ओमिला पटेल, श्रेया सिंह, शालिनी यादव, प्रिया साहू, प्रतिभा सिंह, शालिनी यादव, तूफान सिंह, हिमांशु सिंह, सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गोवर्धनपुर संकुल समन्वयक को पदमुक्त करने की मांग

**प्रतापपुर।** विकास खंड प्रतापपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर से एक मामला सामने आया है जिसमें संकुल समन्वयक पद पर नियुक्ति को लेकर आपत्ति जताया गया है। साथ ही संकुल केन्द्र से संकुल समन्वयक को पदमुक्त करने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को सचिन वर्मा ने ज्ञापन सौंपा है।

सचिन वर्मा ने बताया कि प्राशा गोवर्धनपुर में कुल 64 छात्र छात्राएं अध्ययन रत हैं और वहां केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं जिसमें से एक शिक्षक चेतमन राम पडवार को संकुल समन्वयक नियुक्त किया गया है और दूसरे प्रधान पाठक विनोद रजक है जिनका गत वर्ष में दुर्घटना हो जाने से पैर टूट गया है। जिस कारण वह अधिकतम मेडिकल अवकाश में रहते हैं और वर्तमान में भी मेडिकल अवकाश में हैं। ऐसे में समन्वयक पद पर नियुक्ति के नियमावली में स्पष्ट उल्लेख है कि जहां पर एकल या दो शिक्षक पदस्थ हैं वहां से संकुल समन्वयक का नियुक्ति न किया जाए। बावजूद इसके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए इस प्रकार का निर्णय लिया गया है। शिक्षा समिति, पालक तथा ग्रामवासियों ने इस नियुक्ति पर आपत्ति जताया है।

आवेदन में मंडल अध्यक्ष राम विकास पटेल, वरिष्ठ नेता मोहर लाल पटेल, शिक्षा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूनमदेव पाण्डेय,उपसरपंच, राहुल वर्मा, संगम कुमार, विश्वजीत पटेल,उदय वर्मा, शिव लाल सिंह, आनंद पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा पालकों ने हस्ताक्षर करते हुए कहा है कि बड़े स्तर पर बैठे अधिकारियों ने अगर इसको संज्ञान में लेकर समन्वयक पद से पडवार को पृथक नहीं किया तो बच्चों के भविष्य पर बहुत बुरा पड़ेगा। साथ ही शासन प्रशासन से पडवार को संकुल समन्वयक पद से मुक्त करने की मांग की है।

## नर्सिंग विद्यार्थियों ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

**बैकुण्ठपुर।** शहर में संचालित संस्था राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह जिला अस्पताल बैकुंठपुर में किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एवं स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई।

प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। इसका मकसद नवजात बच्चों और माताओं की सेहत को सशक्त बनाना और स्तनपान के महत्व को जनसामान्य तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम का मकसद नवजात को जन्म के एक घंटे के भीतर मां का पहला दूध पिलाने, 6 महीने तक केवल स्तनपान कराने और 2 साल तक सतत स्तनपान के महत्व को बढ़ावा देना है। स्तनपान दूध यह ऐसा दूध होता है, इसमें कम वसा और प्रोटीन अधिक मात्रा में पाई जाती है जो शिशुओं के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा मिलता है ,जिससे बच्चों में संक्रमण की संभावना कम होती है। साथ ही नवजात शिशुओं का पोषण बेहतर होता है और बाल मृत्यु दर में कमी आती है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### जनपद अध्यक्ष और...

विकास के लिए समर्पित है। हम किसी भी स्थिति में विकास की अनदेखी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि सरकार की नीतियों का लाभ आमजन तक पहुंचाएं, ऐसा हमारा प्रयास रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम लगातार आपसे संपर्क और संवाद करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता आमजन से जुड़कर अंतिम छोर तक विकास की रोशनी पहुंचाएंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री मनोज साहू, सुरेश राजवाड़, मंडल मंत्री भीम राजवाड़े, कोषाध्यक्ष दीपक जायसवाल, भाजयुमो जिला मंत्री रमेश तिवारी, भाजयुमो उपाध्यक्ष दिलीप राजवाड़े, रिकु राजवाड़े, अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्की सारथी, मुकेश राजवाडे, आईटी सेल अनुज राजवाड़े, संजय मानिकपुरी, विक्की शक्ति केन्द्र सहसंयोजक जयकरण यादव, सत्येन्द्र कुमार, अनिल सोनपाकर, मोहरसाय चेरवा, दिनेश चेरवा, अमर सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### करोड़ों की ठगी...

रामानुजनगर सूरजपुर, खलेश्वर राजवाड़े पिता वंशलाल राजवाड़े निवासी कटगोडी थाना सोनहत, बबलू कुमार कुर्रे पिता रामाधार कुर्रे निवासी कुदरगड़ थाना ओड़गी, दिलीप कुमार कुर्रे पिता जगजीवन राम कुर्रे निवासी नारायणपुर थाना रामानुजनगर इन सभी आरोपियों ने पूछताछ में यह स्वीकार किया कि उन्होंने रूपए के लालच में अपने बैंक खाते, पासबुक और एटीएम सायबर अपराधियों को सौंप दिए थे।

### नागपुर चिरमिरी नई

विषय है। लगातार रेल अधिकारियों एवं प्रधानमंत्री तक पत्राचार एवं व्यक्तिगत संपर्क के परिणाम स्वरुप 2018-19 में स्वीकृत यह रेल लाइन बदलती सत्ता परिवर्तन का शिकार हो गई। यही कारण है कि विकास की यह गति 7 साल और पीछे चली गई। अभी भी आश्वासन और क्रियान्वयन की लंबी दूरी धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। रेल प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन जितनी जल्दी भू-अधिग्रहण एवं मुआवजा की कार्रवाई पूर्ण कर देगा, उतनी जल्दी इस रेल लाइन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। रेलवे प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि अनुकूल परिस्थिति होने पर यह कार्य नवंबर दिसंबर तक प्रारंभ होने की संभावना है। रेलवे ने जानकारी दी है कि भू -अधिग्रहण की आपत्तियों के निराकरण के बाद पुनः 20 (अ) के अंतर्गत रेल प्रशासन द्वारा राजपत्र अधिसूचना जारी की जाएगी एवं मुवावजे के भुगतान के बाद ही रेल लाइन का कार्य एवं टेंडर प्रक्रिया जारी हो सकेगी। स्मरणीय है कि ब्रिटिश शासन काल में भाप इंजन के लिए आवश्यक कोयले के परिवहन से इस क्षेत्र ने देश के विकास में अहम योगदान दिया है। वर्ष 1928 से देश के विकास में रेल के पहियो को गति देने एवं रेल परिवहन के लिए कोयले की अहम भूमिका निभाने वाला मनेन्द्रगढ़ एवं चिरमिरी रेलवे स्टेशन के स्थापना के 50 वर्ष बाद भी अंबिकापुर स्टेशन से चलने वाली एक्सप्रेस गाड़ियों से वंचित है। इस रेल लाइन के शीघ्र निर्माण से अंबिकापुर से चलने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा इस अंचल के निवासियों को उपलब्ध हो पाएगी।

## मोबाइल चलाने से मना किया तो सनकी भाई ने कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में सनकी युवक ने अपनी ही बहन की हत्या कर दी। आरोपी ने सो रही बहन के गर्दन पर टांगी से वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है लखनपुर के कुन्नी चौकी अंतर्गत ग्राम लिपिंगी मझवार पारा निवासी मुनेश्वरी आ. बिंद्रा राम मझवार का विवाद गांव में ही हुआ। महिला मुनेश्वरी 5 अगस्त को अपने मायके आई हुई थी। मायके में वह अपने पिता और दो भाइयों के साथ थी। 5 अगस्त को खाना खाने के बाद मुनेश्वरी जमीन पर सोई हुई थी जबकि उसका बड़ा भाई जयप्रकाश खाट पर सोया हुआ था। जयप्रकाश देर रात 12.30 बजे तक मोबाइल फोन चला रहत था जिसपर बड़ी बहन मुनेश्वरी ने मोबाइल चलाने से मना किया और डांटकर मोबाइल फोन छीनकर अपने पास रख लिया। मोबाइल चलाने से मना करने को लेकर दोनों भाई बहनों के बीच विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। मुनेश्वरी विवाद शांत कराकर फिर से सो गई इसी दौरान सनकी युवक ने महज मोबाइल फोन लेने को लेकर हुए विवाद में अपनी ही सो रही बहन के गले पर टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस पूरी घटना के दौरान बुजुर्ग पिता और छोटा भाई घर पर ही मौजूद थे लेकिन किसी को कुछ समझने का मौका नहीं मिला। बुधवार की सुबह महिला के छोटे भाई स्मिथ मझवार ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद मौके पर पहुंची कुन्नी चौकी पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामले में लिपिंगी मझवारपारा निवासी 31 वर्षीय जयप्रकाश मझवार आ. बिंद्रा मझवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

PAWAN CONSULTANCY
● MBBS, MS/MD ● B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
● BDS, MDS ● AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
● BAMS ● ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
● BHMS ● BBA, MBA
● BNYS ● LLB, LLM
● BPT ● BCA, MCA
● NURSING ● VETERINARY
● PARAMEDICAL ● B.Lib, M.Lib
● D. PHARMA ● Nursery to Class 12th (All subject)
● B. PHARMA ● All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
● M. PHARMA ● PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
● Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
● Education Loan Facility ● On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26 बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

AISECT Education. Empowerment. Enterprise. EDUCATION & SKILL KNOWLEDGE PROVIDER
N.S.D.C National Skill Development Corporation
ADMISSION + OPEN
JULY SESSION
विगत 33 वर्षो से सतत् संचालित प्रदेश का अग्रणी संस्थान
After 10+2 & Graduation
Join Professional Degree & Diploma
New Age Courses :-
MS-Office With AI ChatGPT
Data Analytics Using MS-Excel & Power BI
Web Designing & Software Development
Data Science
BCA DCA PGDCA MSW, PGDRD, BLib
बेहतर कम्प्यूटर शिक्षा के लिए सम्पर्क करें -
AISECT COLLEGE
→TALWAPARA, BAIKUNTHPUR
→KACHAHARI PARA →SCHOOLPARA
Mob.No. 7000358225, 9826561053

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक: 18.08.2025
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411